वी.यू. में पशु सूक्ष्मजीवी विभाग द्वारा त्रि. दिवसीय वेबीनार श्रंखला का आयोजन

जबलपुर। आज दिनांक 24 मई 2020 को मध्यप्रदेश के ऊर्जावान माननीय श्री लालजी टंडन जी, कुलाधिपति म.प्र. शासन की अभिप्रेरणा, माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति जी एवं डॉ. आर.पी.एस. बघेल, अधिष्ठाता संकाय ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में पशु सूक्ष्मजीवी विभाग पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में त्रि. दिवसीय 24, 25 एवं 26 मई 2020 प्रतिदिन 10:00 बजे से वेबिनार श्रंखला का श्री गणेश हुआ। स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आर.के.शर्मा, अधिष्ठाता द्वारा किया गया, जिसमें आपने इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता डॉ. आर.के. जोशी निर्देशक एडमिनिस्ट्रेशन एंड मॉनिटरिंग, एन.डी.यू.ए.टी., कुमार गंज आयोध्या के अभिवादन से किया। इस अवसर पर आपने सिस्को वेबेक्स पर 180 पंजीकृत छात्र, छात्राओं एवं प्राध्यापकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता को उनके उद्बोधन हेतु आमंत्रित किया।

वेबीनार की श्रंखला के प्रथम दिवस के प्रमुख वक्ता डॉ. आर. के जोशी जी ने पशुपालन के क्षेत्र में कोविड–19 महामारी रोग से जुड़ी महत्वपूर्ण ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी तकनीकि जानकारियों को सिस्को वेबेक्स ऑनलाईन संचार माध्यम से पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। साथ ही आपने पशुपालन के क्षेत्र में कोविड–19 महामारी से जुड़ी भ्रांतियों व शंकाओं का निवारण करते हुए इस प्रकार के आयोजन की भूरी भूरी प्रशंशा की गई।

वेबिनार के कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापकों व छात्र, छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति सराहनीय रही।



इसी श्रंखला में दिनांक 25 मई 2020 को प्रातः 10 बजे से वक्ता डॉ. टी. चकमा, वैज्ञानिक आई.सी.एम.आर., एन.आई. आर.टी.एच. जबलपुर द्वारा कोविड–19 का प्रयोगशाला में परीक्षण विषय पर तथा दिनांक 26 मई 2020 को प्रातः 10 बजे से प्रमुख वैज्ञानिक एवं वक्ता डॉ. वाई.पी.एस मलिक, इंटरलेशनल फैलो संस्थान, इज्जतनगर बरेली, यू.पी. द्वारा कोविड–19 का पशुओं से संबंध विषय पर वेबीनार की श्रंखला में अपने अपने विशेष उद्बोधन संचार माध्यम से पशुपालन के क्षेत्र में हितकारी एवं लाभदायी होंगे। जिसमें अधिक से अधिक छात्र, छात्राओं एवं वैज्ञानिकों एवं पशुपालकों से शामिल होने की अपी की गई है।

प्रथम दिवस बेबीनार कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ. अंजू नायक, आयोजन सचिव व सहा. प्राध्यापक द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर